प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम पर रखा गया है। इसमें शामिल होने के लिए अब से कुछ ही देर पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा डूगरपुर पंहुचे। श्री शर्मा ने वाल्मिकी मंदिर और हरी मंदिर में दर्शन किये। इस समय मुख्यमंत्री **विकसित राजस्थान प्रदर्शनी** का अवलोकन कर रहे है। इसके बाद मुख्यमंत्री समारोह स्थल पर जनसभा को संबोधित करेंगे। राजस्थान दिवस समारोह की कडी में कल **युवा शक्ति दिवस** मनाया जायेगा। इसका राज्यस्तरीय समारोह जयपुर में रखा गया है।

0000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने ऊंटों की घटती संख्या पर चिंता जताई है। अदालत ने राज्य सरकार को 27 मार्च को ऊंटों की घटती संख्या और उनके संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों पर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए है। न्यायाधीश पुष्पेन्द्र सिंह भाटी और न्यायाधीश विनित कुमार माथुर की खण्डपीठ ने स्वप्रेरणा से दर्ज याचिका पर ये आदेश दिया। न्यायमित्र अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि वर्ष 2004 में प्रदेश में 7 लाख ऊंट थे। वहीं 2015 में इनकी संख्या कम होकर करीब सवा तीन लाख रह गई और 2021 में ये संख्या लगभग डेढ लाख रह गई है।

0000

आज राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस है। राजस्थान में टीकाकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2024–25 में प्रदेश में टीकाकरण का प्रतिशत 91 दशमलव 8 प्रतिशत हो गया है। राजस्थान में टीकाकरण कार्यक्रम के प्रभावी कियान्वयन पर और ब्योरा न्यूज डेस्क से ।

0000

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई स्थानों पर मौसम बदला और तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार अलवर, झुंझुनूं, हनुमानगढ, बीकानेर और श्रीगंगानगर में हल्की बारिश हुई। वहीं संगरिया तथा टपूकडा में ओले गिरे। झुंझुनूं, पिलानी और अलवर के कुछ इलाकों से भी बारिश और ओले गिरने के समाचार है। प्रदेश में आज और कल मौसम साफ रहने का अनुमान है। हालांकि 18 मार्च की शाम से एक और पश्चिमी विक्षोभ सकिय होने की संभावना है। इसके असर से 12 जिलों में आंधी और बारिश की गतिविधियां हो सकती है।

0000

उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्ति पीठ कैला देवी का वार्षिक मेला आज से शुरू हो गया है। माता के दर्शन के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है।

0000

केन्द्र सरकार ने पद्म पुरस्कार–2027 के लिए नामांकन और अनुशंसाएं आमंत्रित की हैं। गृह मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कारों की घोषणा अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। ये आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार किये जाऐंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

00000